an>

Title: Need to provide employment to families whose land was acquired for construction of rail-cum-road bridge connecting Munger with Sahebpur Kamal in Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) ः पूर्व-मध्य रेलवे अंचल के अंतर्गत मुंगेर-साहेबपुर कमाल रेल सह सड़क पुल का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अभी हाल ही में इसी वित्तीय वर्ष में किया है। इस पुल का शिलान्यास श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुंगेर में अपने प्रधानमतृत्व काल में किया था। इस पुल के बनने से लोगों में काफी हर्ष और उत्साह का वातावरण बना है। इस पुल के बनने से सैकड़ों परिवार विस्थापित हुए हैं। जमीन अधिग्रहण करने के समय इन विस्थापित परिवारों को रेल सेवा में नियुक्ति की भी घोषणा की गयी थी। प्रत्येक परिवार को नौकरी देने की भी घोषणा की गयी था उद्घाटन के समय भी यह घोषणा दोहराई गयी पर अभी तक रेल मंत्रालय ने विस्थापित परिवारों को सेवा में लेने के लिए जो आश्वासन दिया था उसको पूरा नहीं किया। विस्थापित परिवार दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। रेलवे मंत्रालय की साख पर प्रश्नचिन्ह लगाए जा रहे हें, जनप्रतिनिधियों की स्थिति तो और खराब हो रही है, वे असहज महसूस कर रहे हैं, जनता में भयानक आक्रोश है।

अतः माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग है कि जिस पुल का उन्होंने उद्घाटन किया है, विस्थापित परिवार को सेवा में लेने के लिए रेलवे बोर्ड का निर्देश दें। मैं इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ।